# 106566 - क्या मोहरिम के लिए छतरी से छाया हासिल करना जायज़ है?

### प्रश्न

मोहरिम के लिए छतरी का उपयोग करने का क्या हुक्म है?

### विस्तृत उत्तर

“अपने आपको सूरज की गर्मी से बचाने के लिए सिर पर छतरी का उपयोग करने में कोई हर्ज नहीं है और इसमें कोई आपत्ति की बात नहीं है। यह नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के – पुरुषों के लिए – सिर को ढकने से निषेध के तहत नहीं आता है। क्योंकि यह ढंकना नहीं है, बल्कि यह धूप और गर्मी से बचने के लिए छाया करना है। सहीह मुस्लिम में प्रमाणित है कि नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के साथ उसामा बिन ज़ैद और बिलाल रज़ियल्लाहु अन्हुमा थे। उनमें से एक नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की ऊँटनी की लगाम पकड़े हुए था और दूसरा आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को गर्मी से बचाने के लिए एक कपड़ा उठाए हुए था यहाँ तक कि आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने जमरतुल-अक़बा को कंकरी मार ली। तथा एक अन्य रिवायत में है कि : “और दूसरा व्यक्ति धूप से बचाने के लिए अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के सिर पर अपना कपड़ा उठाए हुए था।” यह इस बात का प्रमाण है कि नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने एहराम से बाहर निकलने से पहले एहराम की हालत में इस कपड़े का उपयोग छाया हासिल करने के लिए किया।” उद्धरण समाप्त हुआ।

“मजमूओ फ़तावा इब्ने उसैमीन” (22/147, 148)